कोरोना वारियर्स के लिए राज्य सरकार का बड़ा फैसला

District : dipr
Department :
VIP Person : c m
Press Release
State News
Attached Document :
RK-10-04-2020-12.docx (http://103.203.138.54/news/205850/document/RK-10-04-2020-12.docx)

DESCRIPTION

कोरोना वारियर्स के लिए राज्य सरकार का बड़ा फैसला

जयपुर, 10 अप्रेल। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों के कोरोना अभियान से संबंधित ड्यूटी पर रहते हुए कोरोना संक्रमण की वजह से असामयिक मृत्यु होने पर आश्रित/परिवार को 50 लाख रूपये की सहायता को देने की घोषणा की है।

भारत सरकार द्वारा कोरोना महाप्रकोप में ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाने पर सिर्फ स्वास्थ्यकर्मियों का 50 लाख रूपये का बीमा करने की घोषणा की गई है। इसका दायरा बढाते हुए राज्य सरकार द्वारा उक्त स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा अन्य सभी राज्य कर्मचारियों (पटवारी, ग्राम सेवक, कानिस्टेबल आदि), संविदा कर्मचारी (सफाई कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी आदि) एवं मानदेय कर्मचारी (होमगार्डस, सिविल डिफेंस, आशा सहयोगिनी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आंगनबाडी सहायिका, मिनी आशा इत्यादि) को कोरोना अभियान की ड्यूटी पर रहते हुए कोरोना संक्रमण की वजह से असामयिक मृत्यु होने पर 50 लाख रूपये की सहायता दी जाएगी।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **14/4/2020**
You are visitor No.: